समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# भीषण भूकंप से हिली दिल्ली-NCR, हरियाणा और यूपी ; झज्जर रहा केद्रं, 4.4 रही तीव्रता।

Publisher

Published on 10 Jul 2025




**सुबह 9:04 बजे महसूस किए गए भूकंप के झटके, दहशत मे लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकले, सोशल मीडिया पर मची हलचल।**

**Delhi Earthquake:** सुबह **दिल्ली-एनसीआर (Delhi-NCR), हरियाणा (Haryana)** और **उत्तर प्रदेश (UP)** समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में **भूकंप (Earthquake)** के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर जिले में था और इसकी तीव्रता 4.4 रिक्टर स्केल पर दर्ज की गई। तेज झटकों के कारण कई इलाकों में लोग घबराकर अपने घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए।

### नेशनल सेटंर फॉर सीस्मोलॉजी ने दी जानकारी

**नेशनल सेटंर फॉर सीस्मोलॉजी** (NCS) के मुताबिक, **भूकंप सुबह 9:04 बजे** आया और इसकी गहराई **10 किलोमीटर** थी। भूकंप का केंद्र **हरियाणा के झज्जर जिले** में स्थित था। भूकंप के झटके झज्जर के अलावा **सोनीपत, गुरुग्राम, फरीदाबाद, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और हापुड़** तक महसूस किए गए।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, झटके कुछ सेकंड तक महसूस किए गए, जिससे लोग दहशत में आ गए और कई जगहों पर लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए।

### दिल्ली-NCR भूकंप के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र

**दिल्ली एनसीआर (Delhi NCR)** भूकंपीय दृष्टि से **जोन IV** में आता है, जो भारत के भूकंपीय मानचित्र में दूसरी सबसे अधिक संवेदनशील श्रेणी है। यहां समय-समय पर हल्के से मध्यम तीव्रता वाले भूकंप आते रहते हैं। अधिकांश बार **भूकंप का केद्रं**

**अफगानिस्तान**, **उत्तर भारत** या **हरियाणा** क्षेत्र में होता है।

विशेषज्ञों के अनुसार, **दिल्ली-एनसीआर** में पुराने भवनों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भूकंप के झटकों का प्रभाव अधिक महसूस होता है।

### सोशल मीडिया पर लोगों ने साझा किए अनुभव

भूकंप के झटकों के बाद **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स** पर लोगों ने अपने अनुभव साझा किए। कुछ ने डर व्यक्त किया तो कुछ ने मजाकिया मीम्स बनाकर माहौल को हल्का करने की कोशिश की। **ट्विटर** और **फेसबुक** पर **#Earthquake** और **#DelhiEarthquake** ट्रेंड करता नजर आया।

### कोई नुकसान नहीं, प्रशासन अलर्ट

फिलहाल किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। लेकिन **प्रशासन अलर्ट** पर है और **स्थानीय अधिकारियों** को इमारतों की जांच करने और किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### क्या करे भूंकप के समय ?

विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की है कि भूकंप के झटकों के दौरान घबराएं नहीं और नीचे दिए गए सुरक्षा उपायों का पालन करें:

१. **किसी मजबूत टेबल या फर्नीचर के नीचे छुपे** ।

२. **खुले स्थान पर जाने की कोशिश करे** ।

३. **खिड़कियों, ऊँची अलमारियों और बिजली के तारों से दूर रहे** ।

४. **लिफ्ट का उपयोग न करे** ।

हरियाणा के झज्जर में केंद्रित इस भूकंप के झटकों ने **दिल्ली-एनसीआर** और यूपी के लोगों को सुबह-सुबह दहशत में डाल दिया। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी तरह के नुकसान की खबर सामने नहीं आई। प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.